प्रो0 गिरीश चन्द्रा
अपर परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2023/6511 दिनांकः 31 जनवरी, 2023

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमो/विद्याओं में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म भरे जाने एवं परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2021/6507 दिनांक 28 जनवरी, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2022-23 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के **प्रथम सेमेस्टर (समस्त पाठ्यक्रम) एवं तृतीय सेमेस्टर (बी0टेक0, बी0 फार्म, एम0बी0ए0, एम0सी0ए0, एम0फार्म0, एम0टेक, एम0आर्क एवं एम0यू0आर0पी0)** के रेगुलर तथा कैरी ओवर की परीक्षाओं के **परीक्षा फार्म दिनांक 31 जनवरी, 2023 से दिनांक 05 फरवरी, 2023 तक ई0आर0पी0 के माध्यम से भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किये जाने हेतु ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है।**

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान में स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित करते हुए नियमानुसार/समयानुसार **परीक्षा फार्म तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क** जमा कराने का कष्ट करें

भवदीय
31/01/2023

(प्रो0 गिरीश चन्द्रा)
अपर परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति,/कुलसचिव,/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक,/उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आश्य से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. प्रभारी स्टूडेट सेल, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(प्रो0 गिरीश चन्द्रा)
अपर परीक्षा नियंत्रक